दिनांकः 14.04.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर आज देश–प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर से कई सेवा और पहल जनता को समर्पित करेंगें
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दिल्ली–देहरादून आर्थिक गलियारे का शुभारंभ करेंगे–टिहरी में देश के पहले एक हजार मेगावाट क्षमता वाले पंप स्टोरेज प्लांट का भी उद्‌घाटन करेंगें
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजधानी जयपुर में यातायात व्यवस्था बेहतर और आधुनिक बनाने के निर्देश दिये–नई सुविधाओं के साथ इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू होगां
- बैसाखी का त्यौहार आज परम्परागत उल्लास के साथ मनाया जा रहा है–गुरूद्वारों में विशेष आयोजनं

000

संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर राष्ट्र आज उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा हैं इस अवसर पर देश–प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं संसद भवन परिसर में डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की हैं सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में बाबासाहेब आंबेडकर के प्रयास अत्यंत प्रेरणादायक हैं उन्होंने कहा कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर का व्यक्तित्व और कार्य राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगां राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को अंबेडकर जयंती पर शुभकामनाएं दी हैं

जयपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सामाजिक सुरक्षा और विकास से जुड़ी कई सेवाओं और लाभों को जनता को समर्पित करेंगें भवानी निकेतन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पेंशन और पालनहार योजना के लाभार्थियों को 1 हजार 363 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित करेंगें वे प्रदेशभर में 10 छात्रावासों का लोकार्पण और 17 छात्रावासों का शिलान्यास भी करेंगें इस दौरान एआई आधारित हेल्प डेस्क समाधान साथी का शुभारंभ किया जाएगा और जामडोली स्थित स्वयं सिद्धा परिसर में लाइब्रेरी का वर्चुअल उद्‌घाटन भी होगां समारोह में महिलाओं, बालिकाओं और विशेष योग्यजन से संबंधित योजनाओं तथा सेवा के लाभों का भी वितरण होगां

कार्यक्रम में पुणे के डॉ. बी.आर. अम्बेडकर अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान के साथ राज्य सरकार का एमओयू भी होगां प्रदेशभर में भी डॉ. अम्बेडकर की जयंती समारोहपूर्वक मनाई जा रही हैं जिला मुख्यालयों और ब्लॉक स्तर के साथ ही पंचायतों और शैक्षणिक संस्थानों में भी कार्यक्रम रखे गये हैं सवाईमाधोपुर में सुबह प्रभात निकालने के साथ विभिन्न कार्यक्रम रखे गये हैं

................

इस मौके पर जयपुर में रन फॉर इक्वेलिटी रखी गईं इसमें बड़ी संख्या में युवाओं और खिलाड़ियों के साथ प्रशासनिक अधिकारी और विशिष्टजन शामिल हुएं

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दिल्ली–देहरादून आर्थिक गलियारे का उद्‌घाटन करेंगें इसके साथ ही वे टिहरी में देश के पहले एक हजार मेगावाट क्षमता वाले पंप स्टोरेज प्लांट का भी उद्‌घाटन करेंगें दिल्ली–देहरादून आर्थिक गलियारा प्रमुख पर्यटन और आर्थिक केंद्रों के बीच क्षेत्रीय आर्थिक विकास को मजबूत करेगा और पूरे क्षेत्र में व्यापार और विकास के नए अवसर उत्पन्न करेगां लगभग 213 किलोमीटर लंबे इस गलियारे को बारह हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया हैं इससे दिल्ली और देहरादून के बीच यात्रा का समय छह घंटे से कम होकर लगभग ढाई घंटे हो जाएगां इस गलियारे को विशेष रूप से मानव–वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, और इसमें लगभग बारह किलोमीटर लंबा ऊंचा वन्यजीव गलियारा शामिल है, जो एशिया के सबसे लंबे गलियारे में से एक हैं अपने एक दिवसीय उत्तराखंड दौरे के दौरान प्रधानमंत्री देहरादून में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगें

000

प्रदेश में बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान में तेजी लाई जाएगीं जयपुर में आयोजित टीकाकरण की स्टेट टॉस्क फोर्स की समीक्षा बैठक में इस संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गएं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के, मिशन निदेशक जोगाराम ने सहयोगी राजकीय विभागों और डवलपमेंट पार्टनर संस्थाओं को समन्वय के साथ कार्यक्रम में शामिल होने को कहां उन्होंने 14 वर्ष की उम्र की सभी बालिकाओं के यू–विन साफ्टवेयर में रजिस्ट्रेशन करवाने और इस संबंध में जागरुकता बढाने के निर्देश दियें

मिशन निदेशक ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा उपलब्ध करवाया जाने वाला एचपीवी टीका पूरी तरह सुरक्षित, प्रभावी और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित हैं उन्होंने आमजन में टीके को लेकर किसी भी तरह की भ्रांति और मिथकों को दूर करने के लिए महिला और बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग तथा पंचायतीराज विभाग को मिलकर काम करने को कहां

000

राजधानी जयपुर में यातायात व्यवस्था को बेहतर और आधुनिक बनाने के लिए इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया जाएगां इसके अलावा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात के दो और पद सृजित किये जाएंगें साथ ही सहायक

पुलिस आयुक्त के पदों की संख्या भी बढाकर 8 की जाएगीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर कल अधिकारियों की बैठक ली और इसे मजबूत और आधुनिक बनाने का प्लान तैयार करने के निर्देश दियें मुख्यमंत्री ने अजमेरी गेट के यादगार से सांगानेर तक मॉडल ट्रैफिक कॉरिडोर बनाने को कहां बैठक में बताया गया कि यातायात पुलिस जयपुर ने देश के प्रमुख महानगरों की यातायात व्यवस्थाओं का गहन अध्ययन और फील्ड विजिट करने के बाद विस्तृत समीक्षा कर व्यापक सुधार की रूपरेखा बनाई हैं

नई ट्रैफिक व्यवस्था में अब इंस्पेक्टर की संख्या भी 15 से बढ़ाकर 20 की जाएगी, इससे स्थानीय स्तर पर जवाबदेही और नियंत्रण में सुधार सुनिश्चित हो पाएगां इन इंस्पेक्टर्स को विशेष रूप से डिजाइन की गई 20 मोटरसाइकिलें दी जाएंगीं

ट्रैफिक की निगरानी और जाम की स्थिति के आकलन के लिए ड्रोन का उपयोग भी किया जाएगां मुख्यमंत्री ने यातायात पुलिस के साथ ही ट्रैफिक से जुड़े नगर निगम, जेडीए और परिवहन जैसे सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ सहयोग करने के निर्देश दियें

000

राज्य में चलाये जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत असुरक्षित पाये जाने पर 17 कम्पनियों की खाद्य सामग्री और मिठाइयों को प्रतिबंधित किया गया हैं खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय द्वारा बीते दिनों लिए गए खाद्य सामग्री के नमूनों में मिलावट पाये जाने पर ये निर्देश दिये गयें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि प्रतिबंधित किये गये खाद्य उत्पादों में पंजाब–हरियाणा निर्मित कई ब्रांड्स के घी, बीकानेर की युवराज ब्रांड की केसर बाटी और भरतपुर के साई मसाले शामिल हैं इन ब्रांड्स की अगले आदेश तक किसी भी विक्रेता द्वारा भंडारण और बिक्री किये जाने पर उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगीं

000

फसल कटाई के हर्षोल्लास का त्यौहार बैसाखी आज श्रद्धा, उत्साह और भाईचारे की भावना के साथ मनाया जा रहा हैं इस अवसर पर प्रदेश के पंजाबी और सिख समुदाय के लोगों में विशेष उल्लास देखा जा रहा हैं बैसाखी का धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व भी हैं इसी दिन वर्ष 1699 में सिख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थीं गुरूद्वारों में इस अवसर पर विशेष आयोजन हो रहे हैं लंगर प्रसादी के साथ शबद कीर्तन के पाठ हो रहे हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैसाखी के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह जीवंत त्योहार कृतज्ञता, नवजीवन और आशा की भावना का प्रतीक है और उन किसानों की कड़ी मेहनत के प्रति सम्मान है जिनकी लगन से देश को भोजन मिलता हैं प्रधानमंत्री ने तमिल नव वर्ष पुथंडू के अवसर पर भी लोगों को शुभकामनाएं दीं

000

आईपीएल क्रिकेट में कल सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को 57 रन से हरा दियां हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गये मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बीस ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 216 रन बनाएं जवाब में 217 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की टीम 19 ओवर में 159 रन पर ही सिमट गई हैदराबाद की इस जीत के साथ राजस्थान रॉयल्स की लगातार चार मैचों की जीत का सिलसिला टूट गयां हालांकि, टीम अब भी अंक तालिका में शीर्ष पर बनी हुई हैं

000